हिंदी मन व भावों की पावन भाषा : डॉ. राधेश्याम

पूर्व कुलपति व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संरक्षक डॉ. राधेश्याम शर्मा व प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कालेज प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह।

गुरु नानक खालसा कालेज में हिंदी पखवाड़ा सम्पन्न

करनाल, 21 सितंबर (बिशपाल राणा): गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में पिछले एक सप्ताह से आयोजित हिंदी पखवाड़े का भव्य एवं मनमोहक समापन समारोह का आयोजन किया गया। हिंदी साहित्य परिषद एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस समारोह में कॉलेज स्तरीय हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति, प्रेम, सामाजिकता एवं नारी आदि विषयों पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संरक्षक डा. राधेश्याम शर्मा मुख्य अतिथि थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय प्राथमिक इंद्री की पूर्व प्राचार्य डा. राजेश रानी रही। डॉ. राधेश्याम शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में हिंदी भाषा को समृद्ध किया है। हिंदी मन एवं भावों की पावन भाषा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश रानी ने कहा कि हिंदी हमारी मां है और मां कभी भी अपनी संतान का बुरा नहीं चाहेगी। उन्होंने कहा कि ठीक इसी प्रकार कभी भाषा की गलती नहीं गलती हमारी है जो हम भाषा के महत्व को नहीं समझ पाते। कॉलेज के प्राचार्य डा.. गुरिंदर सिंह ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया और कहा कि हिंदी भाषा ने उनके जीवन को बदल दिया और बचपन से ही उनको हिंदी कहानी और उपन्यास पढने् का चाव रहा है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बीर सिंह ने मंच का संचालन किया और डा. बलजीत कौर ने उनका सहयोग दिया प्रो. प्रवीण कौर और डा. प्रियंका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। हिंदी कविता पाठ में महक प्रीत ने पहला, अंकुश ने दूसरा और तनिषा ने तीसरा पुरस्कार जीता।

कहानी लेखन में भी महकप्रीत ने पहला, आरती ने दूसरा और मंजू व अनामिका ने तीसरा पुरस्कार जीता। निबंध लेखन में महक ने पहला, सौरभ एवं राहुल ने दूसरा तथा नीरज ने तीसरा पुरस्कार जीता। प्रश्नोत्तरी में अंकुश, रवीना, आरती और मनीता ने पहला, रीति, सपना, काजल व कंचन की टीम ने दूसरा तथा मानसी, जश्न, महक, अनामिका की टीम ने तीसरा पुरस्कार जीता। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

यज्ञ में आहुति डालने का दृश्य।

रणदीप मलिक ने यज्ञ में आहुति डालकर की विश्व शांति की कामना

गोहाना, 21 सितंबर (रामनिवास धीमान): विश्व शांति का मतलब है समत, समानता, बंधुत्व और भाईचारा तथा सम्मान के साथ जीना और जीने देना यही बातें विश्व शांति में सहायक हो सकती हैं। कांग्रेस नेता रणदीप उर्फ नानहा मलिक रुखी गुरुवार को सिकंदरपुर माजरा में ग्राम पंचायत और बाबा राघोघर सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से विश्व शांति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विश्व शांति दिवस का शुभारंभ सर्व रक्षक यज्ञ में ब्रह्म पंडित विजेंद्र शर्मा ने गायत्री मंत्र का जाप करवाते हुए देसी घी और हवन सामग्री की आहुतियां डालकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणदीप मलिक ने यज्ञ में आहुतियां डालकर विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच रामरति गौड़ और उनके पति दर्शन कुमार गौड़ द्वारा की गई। इस दौरान संसार में फैली अशांति को दूर करने के लिए उपस्थित लोगों ने हवन में आहुतियां डाली और विश्व शांति व मानव जीवन के कल्याण के लिए प्रार्थना की। सरपंच रामरति गौड़ ने कहा कि गांव में 1 सितंबर से कार्यक्रम शुरू किया गया था और 31 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को नशा की बुरी आदत से बचने के लिए भी भगवान से प्रार्थना कर इस यज्ञ में आहुतियां डाली गई। इस मौके पर मंदिर के पुजारी नीरज शर्मा के अलावा आजाद सिंह, मास्टर दयानंद, मास्टर भीम सिंह, जयपाल पटवारी, मास्टर रमेश, हरिओम ठेकेदार, सुमित, जयदीप आदि ने भी आहुतियां डाली।

रैली में पूरे हरियाणा से लाखों लोग शामिल होकर देंगे ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि : गुरदेव रंबा

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए ज़िला प्रधान गुरदेव रंबा।

करनाल, 21 सितंबर (बिशपाल राणा): देश के उपप्रधानमंत्री रहे ताऊ देवीलाल की 110वीं जयंती के अवसर पर किसान विजय सम्मान दिवस रैली का आयोजन राजस्थान के सीकर में 25 सितंबर को किया जाएगा। रैली में पूरे हरियाणा से लाखों लोग शामिल होकर ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि देंगे। तैयारियों को लेकर करनाल के नेताओं व कार्यकर्ताओं की मीटिंग पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गुरदेव रंबा ने की। जजपा नेताओं ने कहा कि करनाल से ज्यादा कार्यकर्ताओं और आमजन की भागीदारी रैली में सुनिश्चित करनी है। सभी कार्यकर्ताओं को ड्यूटियां सौंप दी गई हैं। ताऊ देवीलाल को किसानों का मसीहा कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने किसानों की तरक्की में बड़ा योगदान दिया। देश में वृद्ध पेंशन की शुरूआत सबसे हरियाणा में ताऊ देवीलाल ने की थी। हरियाणा के लोग हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।

किसान विजय सम्मान दिवस रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान गुरदेव रंबा, जिला प्रवक्ता यशकरण राणा, किसान प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरि सिंह डाचर, कार्यालय सचिव राकेश संधु, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद रायपुर, एससी प्रकोष्ठ के संयोजक भीम सिंह जलाला, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक सुभाष गुप्ता, जिला पार्षद कुलदीप मढाण, महिला जिला संयोजक मधु बालियान, युवा प्रकोष्ठ संयोजक उत्तम घणगस, खेल प्रकोष्ठ संयोजक राजेश साल्यान, करनाल हलका प्रधान रामा मदान, इंद्री प्रधान भीम मढाण, असंध प्रधान सतीश बलहारा, नीलोखेड़ी प्रधान नरेश राणा, घरौंडा प्रधान राजपाल कैमला, हलका करनाल महिला प्रकोष्ठ संयोजक वीनू कौशिक, सीएम विंडो सदस्य मेहम सिंह राजेपुर, रामपाल फोर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश फोर, प्रेम सिंह, अशोक कुरलन, युवा प्रदेश महासचिव अशोक कैनवाल, पंचायती राज प्रकोष्ठ के हलका संयोजक प्रवीन, युवा प्रधान असंध राहुल व युवा नेता अमन शर्मा मौजूद रहे।

अनुष्ठान के साथ खेड़े महाराज के यज्ञ का शुभारम्भ

लाडवा, 21 सितंबर (चट्ठा): लाडवा के प्राचीन खेड़े मंदिर पर स्वामी गिरिराज सेवा आश्रम समिति के सानिंध्य में वार्षिक यज्ञ के कार्यक्रम की हुई शुरुआत। हर वर्ष की भांति दूर दराज से आये वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा 4 दिन की विधिवत पूजा की शुरुआत के साथ की गई। इस पूजा में पूरे नगर की सुख समृद्धि की कामना की जाती है। चौथे दिन हवन कर खेड़े मंदिर धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आप सभी नगरवासी ग्राम वासी सादर आमंत्रित हैं। इस मौके पर धर्मेंद्र राणा, रविन्द्र चौधरी, मनफूल सिंह, संदीप सिंह, राज किशन शर्मा व अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

स्टेट मैरिट स्कॉलरशिप में चयनित हुए चारों विद्यार्थी।

हरियाणा स्टेट मैरिट स्कॉलरशिप में जेएलएन सी.सै. स्कूल के 4 विद्यार्थी चयनित

गोहाना, 21 सितंबर (रामनिवास धीमान): हरियाणा स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप में चयनित हुए चार विद्यार्थियों के लिए जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह का मार्गदर्शन मैनेजर कृष्णा देवी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर सचिन शर्मा एवं एमडी सुनील शर्मा द्वारा द्वारा की गई। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने बताया कि स्टेट मेरिट छात्रवृत्ति दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ही चुना गया है जिसमें चयनित हुए संजय चौहान सुपुत्र विजय चौहान, तमन्ना पुत्री देवेंद्र, सूरज सुपुत्र उम्मेद सिंह और वरुण पुत्र विकास रहे है। जिसको लेकर सभी के अभिभावक इस मेरिट छात्रवृत्ति में अपने बच्चों के नाम आने पर बेहद खुश हैं। दसवीं कक्षा में बेहतर परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा को-डायरेक्टर राजकुमार, उपप्राचार्य सूरत शर्मा, तथा अध्यापक, अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ट्रांसफार्मर से सामान चोरी

रादौर, 21 सितंबर (कुलदीप सैनी): बापौली रोड़ स्थित एक राईस मिल्स में लगे 250 एचपी ट्रांस्फार्मर से चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत में रणजीत सिंह ने बताया कि उसका श्री मारकंडेश्वर के नाम से राईस मिल्स है। जिसमें 250 एचपी का ट्रांस्फार्मर लगा है। रात्रि के समय चोरों ने तांबे की तारें चोरी कर ली।

23 साल का हुआ निफा का वृक्ष, देश-विदेश तक फैली शाखाएं

1. दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्वामी प्रेम मूर्ति। 2. एम.डी.डी बाल भवन को वाटर डिस्पैंसर भेंट करते हुए। 3. पौधारोपण करते हुए निफा के पदाधिकारी। 4. शपथ दिलवाते हुए निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू।

करनाल, 21 सितंबर (बिशपाल राणा)= निफा अपनी रजत जयंती के अवसर पर देश के हर गांव तक राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन जागरण की मुहिम को लेकर पहुंचेगी व इसके लिए जल्दी ही पूरी रूप रेखा को सार्वजनिक किया जाएगा। यह घोषणा निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने की। निफा की स्थापना के 23 वर्ष पूरे होने पर एम.डी.डी बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि 23 वर्ष पहले उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर निफा नामी संस्था का जो बीज हरियाणा के छोटे से शहर करनाल में रोपित किया था वो अब एक वट वृक्ष बनने की और अग्रसर है। इसकी शाखाएं देश के अधिकांश राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों तक फैल चुकी है व हज़ारों युवा कलाकार व सामाजिक कार्यकर्ता निफा सदस्य के रूप में राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने 23 वर्ष के इस सफर में साथ चलने वाले निफा टीम के साथियों, संरक्षक व आजीवन सदस्यों, दानी सज्जनों, प्रशासनिक अधिकारियों व केंद्र सरकार के साथ-साथ विभिन्न राज्य सरकारों का भी उनके सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज की अनेक प्रबुद्ध हस्तियों में से स्वामी प्रेम मूर्ति, ब्रह्माकुमारी प्रेम बहन, डॉ. लाजपत राय चौधरी, सतिंदर मोहन कुमार, कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ, जसबीर सिंह गुलाटी, हरीश शर्मा, हरमीत सिंह हैप्पी व असान्या ने भी निफा के कार्यों पर अपने विचार रखे और संस्था को करनाल व देश का गौरव बताया। लिंग समानता के लिए लोहड़ी बेटी के नाम, रक्त दान को राष्ट्रीय मंचों पर प्रोत्साहित करने, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के निर्माण, हारमनी जैसे वैश्विक सांस्कृतिक आयोजनों, पुलिस विभाग के साथ कम्युनिटी पुलिसिंग पर विभिन्न आयोजन, इंटरनेशनल गीता महोत्सव के आयोजन में महती भूमिका निभाने, वन इंडिया राइड जैसे आयोजनों से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने जैसे अनेक बड़े आयोजनों का जिक्र करते हुए निफा द्वारा राष्ट्र व समाज हित में दिये योगदान को याद किया गया।

सिटीजन ग्रीवेंसेज कमेटी की प्रधान व निफा महिला विंग की संरक्षक अंजु शर्मा ने मंच संचालन करते हुए संस्था के अच्छे कार्यों का जिक्र किया व समाज को आगे आकर संस्था का सहयोग करने के लिए कहा। इस अवसर पर एमडीडी बाल भवन के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, स्वागत नृत्य, एकल व ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आगाज़ निफा एंथम से व समापन राष्ट्र गाण से किया गया जबकि निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा व एम.डी.डी बाल भवन के प्रधान परमिंद्र पाल सिंह ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। निफा के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था की कार्यकारिणी, संरक्षक व आजीवन सदस्यों के साथ साथ शहर के अच्छे लोगों की भी भारी संख्या में शिरकत रही जिनमे प्रमुख रूप से डॉ. बलबीर सिंह विर्क, गुरतेज सिंह खालसा, बलजीत साल्यान, गुरपाल सिंह, प्रवेश गाबा, हरदीप राणा, राजीव गोन्दर, नसीब सिंह, सतिंदर साध, ओ.पी सचदेवा, राकेश सचदेवा, महेश शर्मा, दिनेश बख्शी, सूरिंदर सिंह, जगदीश मदान, डॉ. भारती भारद्वाज, निशा गुप्ता, अनीता पुंज, डॉ. एस के शर्मा, रजनीश चोपड़ा, शामिल रहे। संस्थापना दिवस को यादगारी बनाने में करनाल जिला की कार्यकारिणी की युवा टीम का सहयोग रहा जिनमें जसविंदर सिंह बेदी, भूपिंदर सिंह गोपाल, हितेश गुप्ता, नोनीत वर्मा, सतिंदर गांधी, नवीन इंद्री, कपिल शर्मा, मनिंदर सिंह, मुकुल गुप्ता ने विशेष भूमिका निभाई।

शुभलक्ष्य बंसल एंटी करप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त



NATIONAL OFFICE
ANTI CORRUPTION FOUNDATION OF INDIA
ACFI

शुभलक्ष्य बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा।

नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

करनाल, 21 सितंबर (बिशपाल राणा): एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए विख्यात समाजसेवी शुभलक्ष्य बंसल को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने शुभलक्ष्य बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शुभलक्ष्य बंसल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

गोगा माड़ी पर वार्षिक मेला आज

गोगा माड़ी पूजा स्थल का सजाया गया मुख्य गेट। (छाया : निर्मल)

प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु तैयारियों को दिया अंतिम रूप

कलायत, 21 सितम्बर (बीरभान निर्मल): शुक्रवार को कलायत में लगने वाले जाहरवीर गोगा के मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जाहरवीर गोगा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह राणा, सत्यवान राणा, सोम नाथ राणा, दीपक, शिव ओम, मोहन राणा, मोहकम आदी ने बताया की गोगा माड़ी पर हर वर्ष भादो माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को मेले का आयोजन किया जाता है। मेले से संबंधित सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। संस्था द्वारा गुगा माड़ी मेले पर आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जाता है। मेले को लेकर जाहरवीर की मजार को पूरी तरह सजाया गया है। पूरी तरह से सांप्रदायिक सद्भावना से ओत-प्रोत इस मेले में समाज में रहने वाली हर जाति व हर वर्ग के लोग जाहरवीर की पूजा करने के लिए आते हैं। इस दिन कलायत व आसपास के क्षेत्रों से महिलाएं व पुरुष छड़ियों की पूजा करने के लिए यहां पहुंचते हैं तथा मन्नतें मांगते हैं। मन्नत पूरी हो जाने पर गुगा माड़ी पर ध्वजा, जिसे स्थानीय भाषा में छड़ी कहा जाता है, को चढ़ाने का भी प्रावधान है। सोमनाथ ने बताया की मेले में कलायत व आसपास के गांवों से करीब एक लाख श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं। इस बार गोगा माड़ी प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए बाबा की मजार पर 42 सौ स्कवेयर फुट का लंबा चोड़ा हाल बनवाया है। पूजा परिसर में मां काली, भोले नाथ व गुरु गोरख नाथ का मंदिर भी बनवाया गया है। गोगा माडी मेले पर लगने वाली छोटी-छोटी दुकानों के लिए स्थान तय किया गया है। पूजा परिसर तक पहुंचने वाले पूरे मार्ग को खाली रखा गया है। तथा उस पर कोई दुकान नहीं लगेगी ताकी श्रद्धालुओं को दिक्कत न आए। उन्होंने बताया की सुरक्षा के लिए महिला व पुरुष पुलिस बल मेला परिसर में तैनात रहेंगे।

उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित करते हुए।

डा. अम्बेदकर ने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए अहम कार्य किया : मूलचंद शर्मा

कुरुक्षेत्र, 21 सितम्बर (रामपाल शर्मा): हरियाणा के उच्चत्तर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए अहम कार्य किया। देश की आजादी के बाद जब संविधान की रचना हुई तो डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हर समाज का ध्यान रखा। मूलचंद शर्मा आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र तथा इंडियन कौंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सहयोग से '21वीं सदी का आत्मनिर्भर भारत डॉ. अम्बेडकर की दृष्टि में' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी तक सीमित नहीं है हर क्षेत्र में शिक्षा का अपना महत्व है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर बहुत सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार देने वाले बने, रोजगार मांगने वाले नहीं। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में युवाओं को मैरिट एवं योग्यता के आधार पर नियुक्तियां देने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है जिसका समाधान स्वरोजगार, उद्यमिता तथा कौशल को बढ़ावा देकर किया जा सकता है। भारत विश्व में इको सिस्टम में 90 हजार स्टार्टअप तथा 108 यूनिकॉर्न के साथ तीसरे स्थान पर है।

चीका में प्राइवेट मोबाइल इंटरनैट कम्पनियों की कथित मनमानी के चलते ठगी का शिकार हो रहे उपभोक्ता : एडवोकेट जिंदल

गुहला चीका, 21 सितम्बर (ओपी सैनी): यहां चीका स्थित पिछले कुछ समय से प्राइवेट इंटरनेट मोबाइल सेवाएं ठप होकर रह गई है। जिस कारण प्राइवेट इंटरनेट मोबाइल सेवाओं के उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले लगभग तीन सप्ताह से प्राइवेट मोबाइल इंटरनेट सेवाएं ठप होकर रह गई हैं। वोडाफोन उपभोक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप जिंदल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्राइवेट मोबाइल कंपनियां पर आरोप लगाते हुए इसे ठगी का जाल बताया है। उन्होंने कहा कि मैं वोडाफोन नामक कंपनी का इंटरनेट मोबाइल उपभोक्ता हूं लेकिन आए दिन नेटवर्क सेवाएं अधिकतर ठप रहती है। जिस कारण मुझे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे अपने तथा आस पड़ोस के घरों में लैंडलाइन एक्सट्रीम नेटवर्क एयरटेल का सिस्टम लगा हुआ है जिसकी सेवाएं भी लगभग आए दिन ठप रहती हैं।

इस बारे में मोबाइल कंपनियों को सारी जानकारी होते हुए भी वह अपने सिम तथा लैंडलाइन इंटरनेट सेवाएं घरों में स्थापित कर रहे हैं। मोबाइल सेवाएं बेचते समय उपभोक्ताओं को बढ़िया सर्विस, फुल नेटवर्क ,पूरी स्पीड इत्यादि का भरोसा देकर उनको इंटरनेट प्लान समझाया जाता है। जिसकी वजह से उपभोक्ता उनकी बातों में आ जाते हैं तथा बाद में जब मोबाइल कंपनियों की जेब में पैसे चले जाते हैं तब मोबाइल कंपनियां उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रति कोई ध्यान नहीं देती जिस कारण उपभोक्ता अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता है एडवोकेट जिंदल ने कहा कि यदि इन कंपनियों कि उपभोक्ता केयर सर्विस में फोन किया जाए तो अकसर कई मिनट फोन उठाने तथा उपभोक्ता से बात करने में लग जाते हैं तथा बार-बार ओटीपी नंबर डायल करने के लिए कहा जाता है जबकि दूसरी तरफ से उपभोक्ता के मोबाइल पर कोई ओटीपी भेजा ही नहीं जाता। जिस कारण उपभोक्ता की शिकायत आगे नहीं बढ़ पाती। काल वही ड्रॉप हो जाती है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा कंपनियों के ऐप पर शिकायत डालने पर भी कंपनियां नेटवर्क सर्विस को सामान्य करने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिखाती। जिस कारण चीका तथा आसपास के हजारों मोबाइल इंटरनेट धारक प्राइवेट मोबाइल कंपनियों की ठगी का शिकार हो रहे हैं। जिंदल ने पत्रकारों को बताया कि यदि प्राइवेट मोबाइल कंपनियों ने शीघ्र अपनी सेवाओं में सुधार नहीं किया तो प्राइवेट मोबाइल उपभोक्ता फोरम इन कंपनियों के खिलाफ न्यायालय में जाने से गुरेज नहीं करेंगे। प्राइवेट मोबाइल कंपनियों को चेतावनी देते हुए जिंदल ने कहा कि यदि कोई कंपनी उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान नहीं कर पाती तो उसे बाजार में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग कि है कि जहां-जहां उपभोक्ताओं की शिकायतें हैं वहां पर इन कंपनियों की सेवाएं बंद की जाए तथा इनके लाइसेंस रद्द किए जाएं ताकि आम जनता व उपभोक्ता इन कंपनियों की ठगी का शिकार न हो।

बिजली विभाग ने भतेरी देवी के नाम चढ़ा दिए 4 मीटर

बिजली बिलों के कारण गरीब का कटा गुलाबी राशन कार्ड



भतेरी देवी जानकारी देती हुई। (छाया : निर्मल)

कलायत, 21 सितम्बर (बीरभान निर्मल): बिजली विभाग की गलती का खामियाजा वार्ड नंबर 4 की एक गरीब विधवा को भुगतना पड़ रहा है। भतेरी देवी ने बताया की विभाग ने बिजली के चार मीटर चढ़ा रखे हैं। भतेरी देवी ने बताया की सात साल पहले उसके पुत्र की भी मृत्यु हो गई। परिवार में केवल वह ही कमाने वाला था। उसकी मृत्यु के बाद दो पोते, एक पोती व बहु के पालन पोषण में उसे बहुत की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उसका गुलाबी राशन कार्ड था। बिजली के चार मीटर उनके नाम चढ़ा दिए जाने के कारण उसका गुलाबी राशन कार्ड भी कट गया। अब दो माह से उसे सरकारी दुकान से राशन मिलना भी बंद हो गया जिसके कारण से उसके परिवार के पास खाने के लिए अन्न भी नहीं है। भतेरी देवी ने कहा कि इस समस्या को लेकर वह बिजली विभाग के चक्कर लगा लगा कर थक गई पर समस्या का समाधान नहीं हो पाया। भतेरी देवी ने बिजली विभाग से मांग की है कि उसके नाम पर चढ़ाए गए किसी और के चार मीटरों को हटाया जाए ताकि उसे सरकारी कोटे का राशन मिल सके व वह अपने परिवार का पोषण कर सके। इस बारे विभाग के उपमंडल अभियंता से बात की तो उन्होंने कहा कि क्लेरिकल गलती के कारण से ऐसा हो गया होगा। उनके पास शिकायत आऐगी तो वे शिकायत को शीर्ष अधिकारियों के पास भिजवा समस्या का समाधान करवाएंगे।

महिला सशक्तिकरण आंदोलन भारत के विकास में नये अध्याय की शुरुआत करेगा : प्रो. सुदेश



कुलपति प्रो. सुदेश

गोहाना, 21 सितंबर (रामनिवास धीमान): लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण पर 128वें संविधान संशोधन विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के पारित होने पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने गहरी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की। प्रोफेसर सुदेश ने विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण आंदोलन और भारत के विकास में नए अध्याय की शुरुआत करेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की अधिक संख्या लैंगिक न्याय शिक्षा और सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र की नीतियों की बेहतर पहुंच और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर प्रोफेसर सुदेश ने हाल ही में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वाराआयोजित महिला सरपंचों के प्रशिक्षण का उल्लेख किया। यह प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को आत्मविश्वास और उत्साह के साथनेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षित करने के विश्वविद्यालय के मिशन का हिस्सा था। उन्होंने यह भी बताया कि महिला विश्वविद्यालय निकट भविष्य में ग्रामीण महिलाओं और अपनी छात्राओं के लिए महिला नेतृत्व पर शैक्षिणिक पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया में है।

25 को मैडीकल कालेज का भूमि पूजन कर ज़िला को मुख्यमंत्री देंगे सौगात : कंवरपाल

यमुनानगर, 21 सितम्बर (सुनील): जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने का हरियाणा सरकार ने फैसला अभी कुछ समय पहले किया था, मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन भी उपलब्ध कर ली गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 25 सितम्बर को जिला के पांजूपूरा गांव में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन करेंगे। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा गया है। कंवरपाल ने बताया कि यह कॉलेज बनने से जिला में रहने वाले नागरिकों सहित इसके आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को भी अत्यधिक लाभ पहुंचेगा।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
रजिस्टर्ड कार्यालय : 27 बीकेसी, सी-27, जी-ब्लाक, बांद्रा कुर्ला कम्पलैक्स, बांद्रा (ई), मुंबई महाराष्ट्रा पिन कोड-400051
शाखा कार्यालय : 7वीं मंज़िल, प्लाट नं. 7, सैक्टर-125, नोएडा उत्तर प्रदेश-201313
एसैट की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

अचल जायदादों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

सिक्योरिटी इंटरैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल्ज, 2002 के रूल 9(1)की शर्त के साथ पढ़े जाते रूल 8(5) अधीन सिक्योरिटाईजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाईनांशियल एसैट्स एंड इनफोर्समैंट आफ सिक्योरिटी इंटरैस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल एसैट्स की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद् द्वारा आम जनता एवं विशेष करके कर्ज़दार (कर्ज़दारों) एवं गारंटर (गारंटरों) को नोटिस दिया जाता है कि सिक्योर्ड क्रैडिटर को गिरवी चार्जड निम्न दर्शाई अचल जायदाद, जिसका कब्ज़ा कोटक महिंदरा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, दिनांक 22.08.2023 को केएमबीएल, पूनावाला हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड (पीएचएफएल) द्वारा अपने पक्ष में ऋण के असाइनमैंट के अनुसार मिसिज मोनिका व मि. कमल शर्मा से केएमबीएल, सिक्योर्ड क्रैडिटर को बकाया ऋण खाता सं. HM/0208/H/17/100011 अधीन दिनांक 20.09.2023 से लागू भविष्य ब्याज के साथ लागत एवं चार्जिस सहित पूर्ण भुगतान तक 19.9.2023 तक रु. 25,27,760/- (रुपए पच्चीस लाख सताइस हज़ार सात सौ साठ केवल) की वसूली हेतु 5 मिनटों की असीमित एक्सटैंशन सहित दिनांक 31.10.2023 को दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच 'जैसे है यहां है', 'जैसे है जो है' एवं 'जो भी वहां है' आधार पर बेच दिया जाएगा। आरक्षित कीमत रु. 27,00,000/- (रुपए सताइस लाख केवल) एवं धरोहर राशि जमा रु. 2,70,000/- (रुपए दो लाख सत्तर हज़ार केवल) होगी एवं केवाईसी सहित ईएमडी के पेश करने की अंतिम तिथि 30.10.2023 सायं 6.00 बजे (आईएसटी) तक है।

जायदाद विवरण :-

गांधीनगर, गनौर, तहसील गनौर एवं ज़िला सोनीपत पैमाइश 12 मरला 367 वर्ग गज में स्थित खेवट नं. 463, खाता नं. 606, किल्ला नं. 34//2/1, किता 1, रकबा 4 कनाल 8 मरला, इसका 3/22 हिस्सा अर्थात् 12 मरला//367 वर्ग गज में शामिल गिरवी प्रापर्टी प्लाट का सभी अभिन्न भाग। निम्न अनुसार हदबंदी : ईस्ट : अज्ञात मकान, वैस्ट : गली 15 फुट, नार्थ : राम कंवर प्लाट, साऊथ : खुला प्लाट।

कर्ज़दारों का ध्यान सिक्योर्ड एसैट की रीडीम हेतु उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी एक्ट की धारा 13 की उपधारा 8 की व्यवस्थाओं हेतु आमंत्रित है।

आम जनता एवं विशेष करके कर्ज़दार कृपया नोट करें कि यदि इसमें निर्धारित नीलामी किसी कारण जो भी हो हेतु असफल होती है तो सिक्योर्ड क्रैडिटर के विवेक पर निजी संधि द्वारा बिक्री के जरिए सिक्योरिटी इंटरैस्ट लागू किया जा सकता है। बिक्री अधीन असासे के संबंध में किसी स्पष्टीकरण/ज़रूरत के मामले में बोलीकार मि. अक्षित सोलंकी (+91 6394015464), मि. नकुल गुप्ता (+91 9811862274) मि. प्रशांत गौतम (+91 9643615436), मि. सोमेश सुंदरियाल (+91 9910563402) एवं मि. रजिंदर दहिया (+91 8448264515) से सम्पर्क कर सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया कोटक महिंदरा बैंक वैबसाईट अर्थात् www.kotak.com एवं/अथवा https://bankauctions.in/ में मुहैया लिंक https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html का संदर्भ लें।

स्थान : सोनीपत
दिनांक : 22.09.2023
अधिकृत अधिकारी
हेतु कोटक महिंदरा बैंक लिमिटेड